जालंधर, शनिवार 6 अप्रैल 2024
JALANDHAR, LUDHIANA, AMRITSAR, CHANDIGARH
+91 97814 00247



वंदे भारत 24
भारत के मन की बात

**सुविचार**

जहां हम नहीं होते हैं वहां हमारे गुण व अवगुण हमारा प्रतिनिधित्व करते हैं

@vandebharat24 | vandebharat24news | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

# हम राम को लाते ही नहीं हैं, बल्कि 'राम नाम सत्य' भी करवा देते हैं...', बोले CM योगी

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकसभा चुनाव 2024 के लिए ताबड़तोड़ रैलियां कर रहे हैं.

इस दौरान वह भाजपा उम्मीदवारों को जिताने के लिए जनता से अपील करते हुए अपने शासन की मजबूती पर बात करना नहीं चूकते हैं. अलीगढ़ में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'किसी ने सोचा होगा कि बेटी और व्यापारी रात में भी सुरक्षित निकल सकते हैं. हम सिर्फ राम को लाते ही नहीं हैं, बल्कि बेटी और व्यापारी की सुरक्षा के लिए जो खतरा बनता है, उसका 'राम नाम सत्य' भी करवा देते हैं.'

सीएम योगी ने कहा कि प्रभु राम का नाम लेकर जीवन-यापन करते हैं. राम के बिना कोई काम नहीं. लेकिन जब कोई समाज की सुरक्षा के लिए खतरा बनेगा, तो उसका 'राम नाम सत्य'



तय है. 10 साल पहले जो सपना था आज वो हकीकत बना है. इसलिए बना है कि आपके एक वोट की कीमत ने बनाया है.

एक वोट गलत लोगों को जाता था, देश भ्रष्टाचार के आकंट में डूबता था. अराजकता और उपद्रव में डूबता थाऽ कर्फ्यू लगता था. अराजकता फैलती थी. गुंडागर्दी फैलती थी. वोट हमारा, तो पाप के भागीदार तो हम ही को बनना है. जब गलत लोगों को वोट देंगे, तो ये होगा.

सीएम योगी ने कहा कि इसीलिए कह रहा हूं कि हमारा एक वोट आपने पीएम मोदी को दिया, मोदी के नाम पर दिया, तो मोदी की गारंटी आपके भविष्य को बनाती हुई दिखती है. आप देखो वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर, हाईवे, रेलवे, एयरपोर्ट बन रहे हैं. डिफेंस कॉरिडोर, निवेश, मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय, फैक्ट्रियां बन रही हैं.

# Congress के घोषणा-पत्र में अमेरिका और थाईलैंड के फोटो

## जरा इनकी गंभीरता तो देखिए... BJP ने कांग्रेस को यूं घेरा



**जालंधर ( जतिन चौहान ) :** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है।

कांग्रेस के इस घोषणा पत्र को बीजेपी ने झूठ का पुलिंदा बता दिया है। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस का घोषणापत्र झूठ का पुलिंदा है।

इसे मतदाताओं के बीच भ्रम पैदा करने के लिए तैयार किया गया है।

उन्होंने आगे कहा कि दशकों तक देश में शासन करने वाली कांग्रेस आज 'न्याय' की बात कर रही है लेकिन उनकी सरकार ने सत्ता में रहते हुए न्याय नहीं किया।

**कांग्रेस के घोषणापत्र के नाम पर बीजेपी का तंज :** कांग्रेस ने आज घोषणा पत्र जारी करते हुए बताया कि इस घोषणा पत्र का नाम 'न्याय पत्र' है। बीजेपी ने इस पर भी कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र का नाम 'न्याय पत्र' रखा है। इसका मतलब कि इन्होंने मान लिया है कि 55 साल इन्होंने अन्याय किया है।

कांग्रेस पर तंज कसते- कसते बीजेपी ने आप भी लपेटे में ले लिया। बीजेपी राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कोई नई नवेली पार्टी आम आदमी पार्टी ( आप ) जैसी होती और वह कहती तो समझा जा सकता था।

### घोषणापत्र में नदी की तस्वीर पर बीजेपी ने घेरा

प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बीजेपी नेता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि मेनिफेस्टो में जो फोटो दी गई है, वो न्यूयॉर्क की बफेलो नदी की है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम के चेयरपर्सन के अकाउंट से किसने ट्वीट कर दिया वो ये तो पता नहीं लगा पाए लेकिन अब उससे बड़ा सवाल ये है कि उन्हें ये फोटो विदेश कौन भेज रहा है।

उन्होंने कहा कि हिंदी में एक कहावत है, अक्ल बड़ी या भैंस, उतनी अक्ल भी किसी ने इस्तेमाल नहीं की है। उसके बाद कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में ऐसे ही पर्यावरण को लेकर जो फोटो डाली गई है, वो राहुल गांधी के पसंदीदा स्थान थाईलैंड की है।

आज कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी समेत कांग्रेस नेताओं की मौजूदगी में कांग्रेस मुख्यालय में घोषणा पत्र जारी किया गया। इस दौरान अपने घोषणापत्र पांच पार्टी ने 'न्याय' और 25 'गारंटी' का वादा किया है।

## कभी भी छिड़ सकता है युद्ध, दुनिया के दो देशों में खिंचीं दुश्मनी की तलवारें

**जालंधर( दीपांशु चोपड़ा ) :** दुनिया के दो देश युद्ध के मुहाने पर आ खड़े हुए हैं। ये दो देश हैं इजरायल और ईरान। इन दोनों के बीच जंग का खतरा बढ़ गया है। जो हालात बने हुए हैं उनसे स्पष्ट है कि किसी भी वक्त इजरायल पर



ईरान का हमला हो सकता है। इजरायल भी यही मानकर चल रहा है, इसलिए उसने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। वैसे इजरायल ने सभी सैनिकों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं, साथ ही रिजर्व सैनिकों को भी बुला लिया गया है। अगर हम बात करें पश्चिम एशिया की और वहां के राजनीतिक-रणनीतिक समीकरणों की, तो इजरायल पर हमले से पहले तो ऐसा बिल्कुल भी अंदेशा नहीं था कि हमास और इजरायल के बीच युद्ध इतना लंबा खिंच जाएगा। दो दिन पहले सीरिया के दमिश्क में ईरान के दूतावास पर कथित तौर पर इजरायल ने हमला किया, जिसमें आईआरजीसी के चार सदस्यों यानी की सलाहकारों की मौत हो गई, उसकी वजह से ये आशंका है कि ईरान की ओर से जवाबी कार्रवाई इजरायल पर हो। इजरायली पीएम नेतन्याहू ने कहा है कि सालों से ईरान हमारे खिलाफ काम कर रहा है, जिसके चलते हम ईरान के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा, 'हम खुद की रक्षा करना जानते हैं और हम एक सिद्धांत के आधार पर काम करेंगे कि अगर कोई हमें नुकसान पहुंचाता है या नुकसान पहुंचाने के बारे में सोचता है, तो हम उन्हें चोट देंगे।'







आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से वंदे भारत 24 के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247, 97804-00247



S.T COLLEGE OF NURSING & MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED
ANM 2 Years Diploma
GNM 3 Years Diploma
B.Sc (Nursing) 4 Years Degree
D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma
10+1 & 10+2 (P.S.E.B)
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525
www.stnursinginstitute.in

# न्यूयॉर्क सिटी और न्यू जर्सी में 5.5 तीव्रता का भूकंप, म्यांमार में भी कांपी धरती



## कितनी तबाही लाता है भूकंप?

| रिक्टर स्केल | असर |
|---|---|
| 0 से 1.9 | सिर्फ सीज्मोग्राफ से ही पता चलता है। |
| 2 से 2.9 | हल्का कंपन |
| 3 से 3.9 | कोई ट्रक आपके नजदीक से गुजर जाए, ऐसा असर |
| 4 से 4.9 | खिड़कियां टूट सकती हैं और दीवारों पर टंगी फ्रेम गिर सकती हैं। |
| 5 से 5.9 | फर्नीचर हिल सकता है। |
| 6 से 6.9 | इमारतों की नींव दरक सकती है। ऊपरी मंजिलों को नुकसान हो सकता है। |
| 7 से 7.9 | इमारतें गिर जाती हैं। जमीन के अंदर पाइप फट जाते हैं। |
| 8 से 8.9 | इमारतें सहित बड़े पुल भी गिर जाते हैं। सुनामी का खतरा। |
| 9 और उससे ज्यादा | पूरी तबाही, कोई मैदान में खड़ा हो तो उसे धरती लहराते हुए दिखेगी। समंदर नजदीक हो तो सुनामी। |

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** अमेरिका और म्यांमार में शुक्रवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिका में न्यूयॉर्क सिटी और न्यू जर्सी में भूकंप आया।

रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 5.5 मापी गई। इसके अलावा म्यांमार में भूकंप की तीव्रता 5.8 मापी गई थी। इसका केंद्र जमीन से 10 किमी. गहराई में था।

### क्यों आता है भूकंप?

पृथ्वी के अंदर 7 प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं।

जब ज्यादा दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है।

### जानें क्या है भूकंप के केंद्र और तीव्रता का मतलब?

भूकंप का केंद्र उस स्थान को कहते हैं जिसके ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से भूगर्भीय ऊर्जा निकलती है। इस स्थान पर भूकंप का कंपन ज्यादा होता है। कंपन की आवृत्ति ज्यों-ज्यों दूर होती जाती हैं, इसका प्रभाव कम होता जाता है। फिर भी यदि रिक्टर स्केल पर 7 या इससे अधिक की तीव्रता वाला भूकंप है तो आसपास के 40 किमी के दायरे में झटका तेज होता है। लेकिन यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि भूकंपीय आवृत्ति ऊपर की तरफ है या दायरे में। यदि कंपन की आवृत्ति ऊपर को है तो कम क्षेत्र प्रभावित होगा।

### कैसे मापा जाता है भूकंप की तिव्रता और क्या है मापने का पैमाना?

भूकंप की जांच रिक्टर स्केल से होती है। इसे रिक्टर मैग्नीट्यूड टेस्ट स्केल कहा जाता है। रिक्टर स्केल पर भूकंप को 1 से 9 तक के आधार पर मापा जाता है। भूकंप को इसके केंद्र यानी एपीसेंटर से मापा जाता है।

भूकंप के दौरान धरती के भीतर से जो ऊर्जा निकलती है, उसकी तीव्रता को इससे मापा जाता है। इसी तीव्रता से भूकंप के झटके की भयावहता का अंदाजा होता है।

# कोटकपूरा में छोटा हाथी और ट्रोले के बीच भीषण टक्कर

## धार्मिक स्थल से लौट रहे पांच लोगों की मौत; आठ घायल






**जालंधर ( जतिन चौहान ) :** कोटकपूरा-मोगा रोड पर गांव पंजगराई खुर्द के निकट शुक्रवार सुबह लगभग दस बजे टाटा एस (छोटा हाथी) व ट्रोले की टक्कर में दो महिलाओं सहित पांच व्यक्तियों की मौत हो गई।

जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल है। जिनका उपचार सिविल अस्पताल कोटकपूरा व गुरु गोबिंद सिंह मेडिकल कॉलेज व अस्पताल फरीदकोट में चल रहा है।

### नगाहां में माथा टेकने गए थे श्रद्धालु

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस जिला श्री मुक्तसर साहिब के गांव मराड़ कलां निवासी लगभग 15 व्यक्ति बच्चों सहित बाघा पुराना के गांव नगाहां स्थित धार्मिक स्थल पर माथा टेकने के लिए गए थे।

वहां से माथा टेकने के पश्चात वे रात के लगभग दो बजे जब लौट रहे थे तो पंजगराई खुर्द के नजदीक कोटकपूरा की ओर से जा रहे एक तेज रफ्तार ट्राले ने उन्हें टक्कर मार दी।

### मृतकों की पहचान

टक्कर इतनी गंभीर थी कि टाटा एस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार दो महिलाओं सहित पांच व्यक्तियों की मौत हो गई। जबकि आठ लोग गंभीर घायल हैं। मृतकों की पहचान 38 वर्षीय सुखदेव सिंह, 22 वर्षीय लवप्रीत, 36 वर्षीय करमजीत कौर पत्नी सुरेश कुमार, दीपक कुमार तथा 35 वर्षीय करमजीत कौर पत्नी सुखचैन सिंह के रूप में हुई है।

### ट्रोले की रफ्तार थी काफी तेज

इस दौरान मृतक महिला के पति सुरेश कुमार ने कहा कि माथा टेककर वापिस लौटते समय यह हादसा पेश आया। उन्होंने कहा कि ट्राले की रफ्तार बहुत तेज थी और वे अपनी साइड पर आ रहे थे। ट्राले की जबरदस्त टक्कर होने के कारण उनके परिवार उजड़ गए। उन्होंने पुलिस से ट्राला चालक के खिलाफ कार्रवाई तथा उन्हें इंसाफ दिलाने की मांग की। उधर पुलिस ने अपनी कार्रवाई शुरु कर दी है।



# रायपुर में ट्रांसफार्मर में विस्फोट के बाद बिजली विभाग के दफ्तर में लगी भीषण आग, हर तरफ धुआं ही धुआं

**जालंधर ( सूरभि शर्मा ) :** राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में भारत माता चौक के पास बिजली विभाग के सब डिवीजन कार्यालय के गोदाम में रखे ट्रांसफार्मर में अचानक तेज धमाके बाद वहां भीषण आग लग गई। जानकारी के अनुसार, गोदाम में रखे 1500 ट्रांसफार्मर जलकर खाक हो गए। बताया जा रहा है कि गोदाम में करीब 6000 ट्रांसफार्मर रखे हुए हैं। जिससे बिजली विभाग कार्यालय में लगी आग से आसपास अफरातफरी मच गई। आसपास के इलाके में रहने वाले लोग घर खाली कर रहे हैं। मौके पर पुलिस और फायर फाइटर्स जुटे हुए हैं।

देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे आसमान में दूर से ही धुएं का गुबार नजर आ रहा है। स?थानीय लोगों ने आग बढ़ती देख फायर ब्रिगेड और पुलिस को घटना की सूचना दी।

जानकारी मिलते ही दमकल की चार गाड़ियां आग बुझाने के लिए पहुंच चुकी हैं। दमकल कर्मी आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं।

बिजली विभाग के सब डिवीजन कार्यालय में आग लग जाने से बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप है। विभाग के कार्यालय में आग लगने की खबर मिलते ही सभी बड़े अधिकारी मौके पर पहुंच हुए है। बताया जा रहा है कि ट्रांसफार्मर में शार्ट सर्किट की वजह आग लगी है।



आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से वंदे भारत 24 के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247, 97804-00247






# कांग्रेस ने जनता से किए वादे, पर जीत की राह में हैं ये पत्थर

**2024 लोकसभा चुनाव**




**जालंधर ( दीपांशु चोपड़ा ) :** 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने 5 अप्रैल को घोषणापत्र जारी कर दिया। लेकिन, उसकी जीत की राह आसान नहीं दिखाई देती। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को लगातार फजीहत का सामना करना पड़ रहा है। दो दिन के भीतर ही तीन बड़े चेहरे ( बॉक्सर विजेंदर सिंह, पूर्व सांसद संजय निरुपम और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ) कांग्रेस छोड़ कर चले गए। संजय निरुपम और गौरव वल्लभ ने पार्टी पर तमाम गंभीर आरोप भी लगाए हैं।

संजय निरूपम ने पार्टी में गुटबाजी और राष्ट्रीय महासचिव ( संगठन ) केसी वेणुगोपाल को लेकर नाराजगी जताई। इससे पहले भी कई बार केसी वेणुगोपाल को लेकर पार्टी नेताओं के बीच नाराजगी की खबरें आती रही हैं।

इसके अलावा कांग्रेस की बिहार इकाई के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा, वाराणसी के पूर्व सांसद राजेश मिश्रा, महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मिलिंद देवड़ा, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण, आचार्य प्रमोद कृष्णम, कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता, गुजरात कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन मोढवाडिया ने भी साल 2024 में कांग्रेस का साथ छोड़ दिया। आखिर क्यों एक-एक कर कांग्रेस छोड़ रहे नेता और लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर क्या हैं पार्टी की चुनौतियां?

## जनता का पसंदीदा कोई चेहरा नहीं, नेताओं का सुनने वाला कोई नहीं

कांग्रेस के पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुकाबले ऐसा कोई बड़ा चेहरा नहीं है जो देश भर में जबरदस्त भीड़ तो जुटा ही सके, भीड़ को वोटों में भी बदल सके। केरल में कांग्रेस छोड़ कर बीजेपी में जाने वालीं पद्मजा वेणुगोपाल ( के. करुणाकरण की बेटी ) का साफ सवाल रहा- क्या आप कांग्रेस में एक भी मजबूत नेता का नाम बता सकते हैं?

पद्मजा वेणुगोपाल ने रीडिफ.कॉम को दिए एक इंटरव्यू में कांग्रेस की एक और समस्या की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा- जब सोनिया गांधी कांग्रेस अध्यक्ष थीं तो वह उनसे लगातार मिलती थीं और पार्टी की समस्याओं पर बात करती थीं। लेकिन, आज पार्टी में कोई सुनने वाला ही नहीं है।

## नेतृत्व पर कुछ लोगों के हावी होने का आरोप

संजय निरुपम ने कांग्रेस छोड़ने के बाद आरोप लगाया कि पार्टी में सब कुछ केसी वेणुगोपाल ( संगठन महासचिव ) ही तय करते हैं। कांग्रेस छोड़ने वाले कई और नेताओं ने भी केसी वेणुगोपाल पर अंगुली उठाई है। लेकिन, पार्टी ने इस पर ध्यान दिया हो, ऐसा नहीं लगता है।

## संसाधनों की कमी

कांग्रेस के पास प्रतिद्वंद्वी भाजपा की तुलना में पैसे की भारी कमी है। एसोसिएशन फ़ॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की बीते साल आई रिपोर्ट में कहा गया है कि 2020-21 के दौरान बीजेपी की घोषित संपत्ति कुल 4990.195 करोड़ रुपये थी और 2021-22 के दौरान यह 21.17 प्रतिशत बढ़कर 6046.81 करोड़ हो गई। जबकि 2020-21 में कांग्रेस की घोषित संपत्ति कुल 691.11 करोड़ रुपये थी और 2021-22 के दौरान यह 16.58 प्रतिशत बढ़कर 805.68 करोड़ रुपये हो गई। देखा जा सकता है कि कांग्रेस और बीजेपी की घोषित संपत्ति में बहुत बड़ा अंतर है और ऐसे में कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनाव जैसा बड़ा समर लड़ पाना आसान नहीं है।

इसके अलावा इलेक्टोरल बॉन्ड से बीजेपी को सबसे ज्यादा 6060.51 करोड़ रुपए का चंदा मिला है जबकि कांग्रेस को सिर्फ 1421.86 करोड़ रुपए मिले हैं। इससे भी पता चलता है कि बीजेपी पैसे के मामले में कांग्रेस से कहीं अधिक मजबूत है।

यह निर्विवाद सत्य है कि चुनाव लड़ने और पार्टी संगठन को चलाने के लिए बहुत अधिक धन की दरकार होती है। ऐसे में कांग्रेस के सामने अपने संगठन को चलाने की एक बड़ी चुनौती मुंह के सामने खड़ी है।

आयकर आयकर विभाग के नोटिस और अकाउंट्स फ्रीज किए जाने की वजह से भी कांग्रेस मुश्किल में है। हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष सोनिया व राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था कि आयकर विभाग की वजह से पार्टी को जबरदस्त आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है।

कांग्रेस निश्चित रूप से संसाधनों की कमी से जूझ रही है और इस मामले में बेहद मजबूत बीजेपी से मुकाबला कर पाना भी उसके लिए बड़ी चुनौती है।

## कमजोर संगठन

कांग्रेस के सामने एक बड़ी चुनौती संगठन का कमजोर होना भी है। आजादी के बाद 1947 से लेकर 1977 तक केंद्र की सत्ता में एक छत्र राज करने वाली कांग्रेस की हालत आज बेहद खराब है। कांग्रेस लगातार दो लोकसभा चुनाव बुरी तरह हार चुकी है और आज गिने-चुने तीन राज्यों- कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में ही उसकी सरकार है। इसमें से भी हिमाचल प्रदेश में उसकी सरकार पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं। लगातार चुनावी हार से कांग्रेस का संगठन बेहद कमजोर हो गया है और कांग्रेस के सामने इस कमजोर संगठन के बलबूते बेहद मजबूत सांगठनिक आधार रखने वाली बीजेपी को हराना बड़ी चुनौती है।

## नेताओं का पार्टी छोड़ना

कांग्रेस के सामने एक और बड़ी चुनौती लगातार पार्टी छोड़ रहे नेताओं को रोकने की है। साल 2014 में मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से ही कांग्रेस के तमाम बड़े नेता पार्टी छोड़ चुके हैं।

इन नेताओं में पूर्व विदेश मंत्री एसएम कृष्णा से लेकर ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद, आरपीएन सिंह, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह, पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुनील जाखड़, अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सुष्मिता देव, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद सहित कई नाम शामिल हैं। ये ऐसे नेता हैं जिन्होंने कांग्रेस में लंबे वक्त तक काम किया था।

## विपक्षी दलों को एकजुट करना

एक लंबी कोशिश के बाद भी कांग्रेस 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों को एकजुट नहीं कर पाई। पंजाब में आम आदमी पार्टी के साथ उसका गठबंधन नहीं हो पाया और ऐसा ही कुछ पश्चिम बंगाल में भी हुआ जहां टीएमसी ने उसे एक भी सीट देने से इनकार कर दिया। इससे बीजेपी को यह कहने का मौका मिला है कि इंडिया गठबंधन खंड-खंड हो गया है।

टिकट बंटवारे के दौरान भी सहयोगी दलों के साथ बिहार और महाराष्ट्र में कांग्रेस की तनातनी देखने को मिली है। हालात यहां तक खराब रहे कि एनडीए छोड़कर विपक्षी दलों के साथ आए नीतीश कुमार भी इंडिया ब्लॉक को छोड़कर चले गए। ऐसे में तमाम विपक्षी दलों को एकजुट रखने की चुनौती भी कांग्रेस के सामने है।

# कांग्रेस पार्टी ने 2024 लोकसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र जारी किया, 5 न्याय की बात की




**जालंधर ( हिमांशु ) :** कांग्रेस पार्टी ने 2024 लोकसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र जारी कर दिया है। अपने घोषणापत्र में कांग्रेस ने 5 न्याय की बात की है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की मौजूदगी में इसे जारी किया गया।

अपने घोषणापत्र में कांग्रेस पार्टी में युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय का जिक्र किया है। अन्याय काल के अंधेरे को दूर करने और भारत के लोगों के लिए एक समृद्ध, न्याय से भरे और सामंजस्यपूर्ण भविष्य का रास्ता बनाने का वादा किया गया है।

कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणापत्र में कहा है कि पार्टी जातियों और उपजातियों और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों की गणना करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना आयोजित करेगी और ससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा बढ़ाने के लिए एक संवैधानिक संशोधन पारित करेगी।

कांग्रेस के घोषणापत्र पर पार्टी सांसद पी. चिदंबरम ने कहा, मैंने हमेशा बीजेपी सरकार पर आरोप लगाया है और कहा है कि मोदी सरकार अमीरों की, अमीरों द्वारा और अमीरों के लिए सरकार है। यह सरकार केवल इस देश का 1त्न शीर्ष के हितों से प्रेरित है। लेकिन हमें नीचे के 50त्न को भी देखना होगा जो उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने कि संपन्न लोग। यह अनुमान लगाया गया है कि इस देश में 23 करोड़ लोग अभी भी गरीब हैं। लोगों को गरीबी से बाहर निकाला जाएगा और हम वादा करते हैं कि अगर कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार 2024 में सत्ता में आती है, तो हम अगले 10 वर्षों में 23 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालेंगे।

कांग्रेस पार्टी का घोषणापत्र में कहा गया है कि कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि प्रत्येक नागरिक की तरह, अल्पसंख्यकों को भी पोशाक, भोजन, भाषा और व्यक्तिगत कानूनों की पसंद की स्वतंत्रता हो।

हम व्यक्तिगत कानूनों में सुधार को प्रोत्साहित करेंगे। कांग्रेस का कहना है कि ऐसा सुधार संबंधित समुदायों की भागीदारी और सहमति से किया जाना चाहिए।



# बीजेपी में शामिल हों या जेल जाएं वाले बयान पर दिल्ली की मंत्री आतिशी को चुनाव आयोग का नोटिस

**जालंधर ( हिमांशु ) :** वंदे भारत(हर्ष शर्मा) दिल्ली की मंत्री आतिशी को चुनाव आयोग ने शुक्रवार को नोटिस भेजकर उनकी भाजपा में शामिल हों या जेल जाने की स्थिति में रहें टिप्पणी पर जवाब मांगा। चुनाव आयोग ने सोमवार (8 अप्रैल) दोपहर 12 बजे तक उनसे जवाब मांगा है। 2 अप्रैल को, आतिशी ने कहा कि खुद सहित आम आदमी पार्टी (आप) के चार वरिष्ठ नेताओं को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा, उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने एक 'बहुत करीबी' व्यक्ति के माध्यम से उनसे इसमें शामिल होने के लिए संपर्क किया था या एक महीने के भीतर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा पकड़े जाने के लिए तैयार रहें।

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आतिशी ने दावा किया कि उन्हें, दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज, विधायक दुर्गेश पाठक और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को गिरफ्तार किया जाएगा।




## प्रेम विवाह से नाराज था परिवार

# सास को अर्धनग्न कर गली में घुमाया और फिर...

**जालंधर ( सुरभि शर्मा ) :** पंजाब के तरनतारन में बेटी के प्रेम विवाह करने से नाराज स्वजन ने गुरुवार को उसके ससुराल पहुंच घर में घुसकर बेटी और उसकी सास के साथ मारपीट की। इस दौरान आरोपितों ने बेटी की सास को बालों से पकड़ अर्धनग्न कर गली में घुमाया और उसका वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया।

**पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ किया केस दर्ज :** पुलिस ने इस मामले में युवती की मां और दो भाइयों समेत पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। खेमकरण के गांव वल्टोहा में एक ही मोहल्ले में रहते 19 वर्षीय युवक और युवती ने प्रेम विवाह कर लिया। इससे नाराज युवती की मां, दोनों भाई व दो अज्ञात लोग गुरुवार को युवक के घर में जबरन दाखिल हो गए। इस दौरान घर में उनकी बेटी और उसकी सास ही मौजूद थीं। आरोपितों ने घर में घुसते ही दोनों से मारपीट शुरू कर दी।



**अर्धनग्न हालत में गली में घुमाया :** सास ने जब बहू को बचाने का प्रयास किया तो आरोपितों ने उनके कपड़े फाड़ दिए और बालों से पकड़कर अर्धनग्न हालत में ही गली में ले आए। गली में उनका वीडियो बनाया और उसे इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। पीड़ित महिला को अमृतसर के निजी अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। उधर, घटना की जानकारी मिलते ही सब डिवीजन भिखीविंड के डीएसपी प्रीत इंदर सिंह को मौके पर पहुंचे। थाना वल्टोहा के एएसआइ परमजीत सिंह ने पीड़ित महिला के बयान पर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। हालांकि अभी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

### पीड़ित परिवार ने पुलिस पर लगाया आरोप

पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि पुलिस आरोपितों को जानबूझकर गिरफ्तार नहीं कर रही है और उनके परिवार का मजाक उड़ाया जा रहा है। अमृतसर के निजी अस्पताल में दाखिल युवक की मां ने आरोप लगाया कि उसके बेटे और बहू को अब भी जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं।

बेटा और बहू इंसाफ के लिए पुलिस स्टेशन जाते हैं तो उनका मजाक उड़ाया जाता है। पीड़ित महिला ने इस मामले में डायरेक्टर जरनल आफ पुलिस से दखल देने की मांग की है। इस संबंध में डीएसपी प्रीतइंद्र सिंह का कहना है कि दो दिन से आरोपितों को पकड़ने के लिए छापामारी जारी है।

### आरोपितों की तलाश जारी

आरोपित दो दिन से घर से फरार हैं। मोबाइल लोकेशन के माध्यम से आरोपितों को ट्रेस किया जा रहा है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। तरनतारन के एसएसपी अश्वनी कपूर कहते हैं कि एसपी अजयराज सिंह की अगुआई में जांच टीम का गठन किया गया है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## हेयर स्टाइलर ने किया खुलासा, विराट, धोनी और रोहित कितने लाख में कटवाते हैं बाल





**जालंधर( दीपांशु चोपड़ा ) :** IPL 2024 चल रहे हैं, एमएस धोनी, विराट कोहली, रोहित शर्मा समेत देश विदेश के बड़े खिलाड़ी इस लीग में खेल रहे हैं। खिलाड़ियों की हेयर स्टाइल ऐसी चीज है, जिसे फैंस कॉपी करते हैं और आईपीएल में भी कई खिलाड़ी अपनी हेयर स्टाइल की वजह से सुर्खियों में रहते हैं। मुंबई के आलिम हकीम मशहूर हेयर स्टाइलर हैं, उनसे बॉलीवुड के तमाम एक्टर्स और क्रिकेटर्स भी बाल कटवाते हैं।

आईपीएल शुरू होने से ठीक पहले धोनी और कोहली भी उन्ही से बाल कटवाकर आए थे। हकीम ने खुलासा किया कि उनके सलून में बाल कटवाने का चार्ज कितना है। फैंस भी जानना चाहते हैं कि जहाँ एक साधारण दुकान पर 150 से 200 रूपये में बाल कट जाते हैं तो वहीं विराट कोहली, एमएस धोनी और तमाम सेलिब्रिटी बाल कटवाने का कितना रूपये देते हैं। अब इसका खुलासा खुद हेयर स्टाइलर हकीम ने किया है, जिनके पास से सभी मशहूर सेलिब्रिटी बाल कटवाते हैं।

## बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड के चार आरोपी गिरफ्तार, डेरा सेवादार भी था हत्या में शामिल

**जालंधर ( जतिन चौहान ) :** उत्तराखंड के बहुचर्चित बाबा तरसेम सिंह हत्या कांड मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. नानकमत्ता में बीते 28 मार्च को डेरा कर सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या में शामिल चार सहयोगियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, वहीं मुख्य दो आरोपी जिनके द्वारा हत्या की गई वह फरार है. वहीं एसएसपी उधम सिंह नगर मंजूनाथ टी सी ने नानकमत्ता थाना पहुंचकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसके बारे में जानकारी दी.


एसपी मंजूनाथ टी सी ने बताया बीते 28 मार्च की सुबह 6ः30 बजे नानकमत्ता गुरुद्वारा डेरा कर सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की दो अज्ञात हमलावर द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी जिसके खुलासे के लिए टीमों का गठन कर पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में दबिश दी जा रही थी. साथ ही इस वारदात में अन्य कौन कौन शामिल है इसकी जांच की जा रही थी.

**डेरा सेवादार भी हत्या में था शामिल**



वहीं सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों के सहयोगियों को पकड़ने में पुलिस टीम ने बड़ी सफलता हासिल की. जिसमे घटना में शामिल जिन्होंने आरोपियों को शरण दी और घटना को अंजाम देने के दौरान स्थानीय डेरा सेवादार जिसके द्वारा आरोपियों को बाबा तरसेम सिंह के बारे में पूरी जानकारी दी गई. साथ ही तीन अन्य आरोपियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है.

वहीं मुख्य दोनो आरोपियों पर एक एक लाख का इनाम घोषित किया गया है. पकड़े गए आरोपी उत्तरप्रदेश शाहजहापुर तथा पीलीभीत जिले के है. सभी आरोपियों का अपराधिक रिकॉर्ड हैं. मुख्य आरोपी जिसने घटना को अंजाम दिया वह पंजाब का सर्वजीत सिंह और अमरजीत सिंह हैं जिनके ऊपर लगभग 15 से अधिक मुकदमे दर्ज है. घटना को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपियों की सहायता के लिए उपयोग की गई कार को भी पुलिस ने कर लिया है.







आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24 भारत के मन की बात
के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com

वंदे भारत 24 भारत के मन की बात
हमारे साथ जुड़ने के लिए व विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com